**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2253**
**29 जुलाई, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**बच्चों के लिए कोविड टीकाकरण**

**2253. श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत:**
**श्री हाजी फजलुर रहमान:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में बच्चे कोरोना संक्रमण से प्रभावित हो रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और 12-18 वर्ष और 5-12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के टीकाकरण की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) क्या सरकार को 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों में सबसे अधिक पाए जाने वाले वायरस स्ट्रेन के बारे में जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) टीकाकरण के लिए पंजीकृत बच्चों और टीकाकृत बच्चों की कुल संख्या कितनी है और तत्संबंधी प्रतिशत कितना है; और
(घ) क्या बच्चों के पूर्ण टीकाकरण के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (घ): विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, बच्चों और किशोरों में सार्स-कोव-2 संक्रमण आमतौर पर वयस्कों की तुलना में कम गंभीर बीमारी का कारण बनता है।

26 जुलाई 2022 तक, 9.96 करोड़ पहली खुराक (82.2 % कवरेज) और 7.79 करोड़ दूसरी खुराक (64.3 % कवरेज) 12-18 साल की उम्र के बच्चों को दी जा चुकी है। देश में राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 12 साल से कम उम्र वालों का टीकाकरण शुरू नहीं हुआ है।

सभी पात्र बच्चों को पहली और दूसरी खुराक का टीका लगाने के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को पर्याप्त कोविड -19 वैक्सीन खुराक उपलब्ध कराई जा रही है।

जैसा कि भारतीय सार्स–कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) द्वारा रिपोर्ट किया गया है, आईएनएसएसीओजी द्वारा 0-18 वर्ष की आयु के बच्चों में जांचे गए नमूनों में (1 जनवरी 2022 से 25 जुलाई 2022 तक) पाए गए कोविड-19 वायरस वेरिएंट का विवरण **अनुलग्नक** में है।

अनुलग्नक

**आईएनएसएसीओजी द्वारा 0-18 वर्ष की आयु के बच्चों में जांचे गए नमूनों में (1 जनवरी 2022 से 25 जुलाई 2022 तक) पाए गए कोविड-19 वायरस वेरिएंट**

| **सार्स–कोव-2 वायरस के प्रकार** | **पाए गए कोविड-19 वायरस वेरिएंट नमूनों की संख्या** |
|---|---|
| ओमिक्रोन .बीए)2) | 5439 |
| ओमिक्रोन अन्य उप-जाति | 1278 |
| ओमिक्रोन .बी)1.1.529) | 645 |
| डेल्टा उप-जाति | 74 |
| डेल्टा .बी)1.617.2) | 44 |

******